# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आ.उ.अं.मा. विद्यालय संचालन, एवं प्रबंधन समिति, बिलासपुर (छ.ग.)

Email :-newdeobilaspur07@gmail.com

## संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

क्र/5359/ SAGES /अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/2023-24 बिलासपुर दिनॉक 13/07/23

छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्र0 एफ 13-08/2021/20-तीन दिनॉक 01/04/2022 के द्वारा वर्ष 2022-23 मे बिलासपुर जिले अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नर्सरी कक्षायें प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है, तदानुक्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों लाल बहादुर शास्त्री, तिलकनगर, तारबाहर एवं लाला लाजपत राय बिलासपुर में नर्सरी कक्षाओं हेतु नर्सरी शिक्षिका के संविदा पदों पर इच्छुक आवेदकों से विज्ञापन जारी दिनॉक 13/07/2023 से दिनॉक 28/07/2023 सायं 05 बजें तक ऑनलाईन आवेदन जिले के वेबसाईड https:://bilaspur.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जायेंगे। अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| क्र. | संस्था | पद का नाम | पद संख्या | | | | योग | संविदा हेतु एकमुश्त मासिक मानदेय राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना0 | अजजा | अजा | अपिव | | | |
| 1 | स्वामी आत्मानंद लाल बहादूर शास्त्री उ.अं.मा. वि. बिलासपुर | नर्सरी शिक्षिका | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 20,000.00 | 01 अंग्रेजी माध्यम से हाई स्कूल/ हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण।<br>02 मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विवि. से एन0टी0टी0 (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग),एम0टी0टी0 (मोन्टेसरी टीचर ट्रेनिंग) या मोन्टेसरी टीचर ट्रेनिंग संबंधी सक्षम योग्यता।<br>03 एन0टी0टी0 (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग) आवेदक नहीं मिलने की स्थिति में डी0एड0/डी.0एल0एड0 उत्तीर्ण अभ्यार्थियों पर विचार किया जाएगा। |
| 2 | स्वामी आत्मानंद उ.अं.मा. वि. तिलक नगर बिलासपुर | नर्सरी शिक्षिका | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 20,000.00 | |
| 3 | स्वामी आत्मानंद शेख गफ्फार उ.अं.मा.वि. तारबाहर बिलासपुर | नर्सरी शिक्षिका | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 20,000.00 | |
| 4 | स्वामी आत्मानंद उ.अं.मा. वि. लाला लाजपतराय बिलासपुर | नर्सरी शिक्षिका | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 20,000.00 | |

**संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। नियुक्त अभ्यर्थी पर छ0ग0 संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्ते लागू होगें।
2. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 (एक) माह का वेतन या सेवा समाप्ति पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
3. उपरोक्त विज्ञापित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा पद पर नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस. एल.पी. (सी.) क्रमांक/19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी। विज्ञापन के पदों में जिले के सेटअप के अनुसार 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।
4. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी, विज्ञापन में उल्लेखित एक मुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थायीकरण, नियमितिकरण, संविलयन, पेंशन या कोई अन्य लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।
5. संबंधित कर्मचारियों का नियुक्ति उपरान्त कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में समिति द्वारा उन्हे पदच्युत किये जाने का अधिकार होगा।

aug letter 2022

Scanned with OKEN Scanner

6. पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट सूची/कौशल परीक्षा/आदि की जानकारी एवं अन्य सूचना समय–समय पर जिले की वेबसाईट https://bilaspur.gov.in में अपलोड की जायेगी, इसके लिए पृथक से पत्र या सूचना नहीं भेजी जावेगी।
7. पदों की संख्या परिवर्तनीय है ।
8. उपरोक्त सभी पद DMF से स्वीकृत है एवं पूर्णतः अस्थाई है।
9. अभ्यर्थी किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेंवें, त्रुटि पूर्ण आवेदन भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है।
10. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे, अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।
11. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जावेगा।
12. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समूह बिलासपुर का निर्णय सर्वमान्य होगा।

**संविदा भर्ती के लिए पात्रता की शर्ते :–**

**संविदा भर्ती मे अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्ते पूर्ण करनी होगी :–**

(01) 01 जून 2023 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूरी कर ली हो तथा 35 वर्ष पूर्ण न की हो।

(02) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा।

(03) अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।

(04) चूंकि विज्ञापित संविदा कर्मियों का पदरचना कम जिले से स्वीकृत किया गया है पद पूर्णतः अस्थाई है , एवं मानदेय का भुगतान जिले के DMF मद से किया जाएगा।

(05) अंग्रेजी माध्यम से हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

(06) NTT / MTT. या योग्यता प्रमाण पत्र समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.विद्या. का प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

(07) आवेदक को समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र विज्ञापन तिथि तक उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

**सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज :–**

**सत्यापन के समय आवश्यक प्रमाण पत्रों के मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है :–**

01 समस्त शैक्षणिक एवं व्यावसायिक प्रमाण पत्र

02 जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित पदो पर)

03 निवास प्रमाण पत्र,

04 आयु प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र या हाई स्कूल अंक सूची)

05 पहचान प्रमाण पत्र ( आधार कार्ड/ईपिक कार्ड/ड्रायविगं लायसेंस शासन द्वारा जारी अन्य दस्तावेज)

06 NTT / MTT या समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि.विद्या. का प्रमाण पत्र

07 दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो।

**ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश :–**

01 ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का Gmail आई0डी0 (उदा.–abc@gmail.com) होना अनिवार्य है।

02 Gmail आई0डी0 न होने की स्थिति में अभ्यर्थी google में जाकर Gmail आई0 डी0 बना लेंवे।

03 अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए लैपटॉप/डेस्कटॉप में Google Chromeका उपयोग करें।

04 ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें।

05 ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट https://bilaspur.gov.in पर जावें।

06 जिले के वेबसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिए निम्नानुसार 01 लिंक उपलब्ध हैं:–



Scanned with OKEN Scanner

(a) नर्सरी शिक्षिका पद पर आवेदन हेतु लिंक

**https://forms.gle/f9hJwc7egj4sJJKg7**

**संविदा भर्ती चयन प्रक्रिया :–**

**(01)** आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदो के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि जिला बिलासपुर हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वीकृत किये गये हैं, जिनके लिये पृथक–पृथक शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है। जिस पर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत आवेदन लिए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदन की मेरिट सूची तैयार कर स्वीकृत कुल पदों का योग करते हुए अधिकतम 05 गुना तक अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों के जॉच/सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु आहूत किया जावेगा।

**(02) अंतिम चयन हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जायेगी:–**

| क्र0 | पदनाम | भारांश प्राप्तांक (प्रतिशत का ) | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|
| 1 | नर्सरी शिक्षिका | हायर सेकेण्डारी 40% | 100 |
| | | हाई स्कूल 30% | |
| | | साक्षात्कार30% | |

**(कलेक्टर, जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला बिलासपुर छ0ग0

पृ. क्र/S360/ SAGES /अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/23–24 बिलासपुर दिनॉक 13/07/23

प्रतिलिपि:–

1. सचिव छ0ग0शासन स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ ।
4. मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. सयुक्त संचालक, स्कूल शिक्षा संभाग, बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
6. उप संचालक जन सम्पर्क बिलासपुर छ.ग. को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेशित।
7. डी0आई0ओ0 एन0आई0सी0 बिलासपुर को सूचनार्थ एवं जिले के पोर्टल https://bilaspur.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारीएवं सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला बिलासपुर छ0ग0

aug letter 2022

Scanned with OKEN Scanner